आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट

FLAG DAY
23rd JANUARY

बर्ष :13 अंक :380 पृष्ठ -4 दिनांक 23 जनवरी 2025 दिन गुरूवार

# राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 3777 पदों पर भर्ती का रास्ता साफ

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) 436 प्रवक्ताओं और 3341 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा



उत्तरप्रदेश राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 3,777 सहायक अध्यापकों व प्रवक्ताओं की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। अब पांच वर्ष बाद भर्तियां होने से युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। कैबिनेट ने संशोधित नियमावली को मंजूरी दे दी है। अब समकक्ष अर्हता का शब्द हटा दिया गया है। ऐसे में न्यायालयों में वाद लंबित नहीं होंगे और आसानी से भर्ती की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 436 प्रवक्ताओं और 3,341 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर सकेगा। उप्र अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) एलटी ग्रेड सेवा (षष्टम संशोधन) नियमावली, 2024 व उप्र विशेष अधीनस्थ शैक्षणिक (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2024 को लागू किए जाने के बाद अब सहायक अध्यापकों यानी एलटी ग्रेड शिक्षकों के लिए स्नातक और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनस. टीई) से मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड उपाधि होगी। वहीं, प्रवक्ता पद के लिए स्नातकोत्तर के साथ बीएड उपाधि होना जरूरी है। अभी तक जो नियमावली लागू थी, उसमें में स्नातक व समकक्ष उपाधि व बीएड और समकक्ष उपाधि होना अनिवार्य लिखा था। अब इस शब्द को हटा दिया गया है। उदाहरण के तौर पर अगर इंग्लिश के शिक्षक की भर्ती होनी है तो अभी तक इंग्लिश लिट्रेचर के साथ–साथ इंग्लिश लैंग्वेज से स्नातक व स्नातकोत्तरपास छात्र को अपने विश्वविद्यालय से प्रमाणपत्र लाना पड़ता था, यह समकक्ष कोर्स हैं, जिसके कारण न्यायालय में वाद दायर हो रहे थे, क्योंकि स्नातक, स्नातकोत्तर व बीएड के समकक्ष कोर्स निर्धारण के लिए उच्च शिक्षा विभाग सक्षम विभाग है। ऐसे में इस प्रकरण के निपटारे के लिए उच्च स्तरीय अंतर विभागीय कमेटी बनाई गई। जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से निदेशक माध्यमिक एवं अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय), प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा द्वारा नामित अधिकारी और सचिव लोक सेवा आयोग द्वारा नामित अधिकारी को शामिल किया गया। कमेटी ने बैठक कर तय किया कि नियमावली में संशोधन किया जाए और समकक्ष शब्द को हटाया जाए और जिस विषय के सहायक अध्यापक व प्रवक्ता की भर्ती हो तो विस्तृत विज्ञापन निकाला जाए, जिसके कारण किसी भी तरह की भ्रांति की गुंजाइश न हो।

## यूपी में स्मार्टफोन और टैबलेट देने के लिए नई योजना! जल्द ऐलान कर सकती है योगी सरकार



उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक करेगी. इस बैठक में अहम फैसले किए जा सकते हैं. सूत्रों की माने तो कुम्भ में आज की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पास किया जा सकता है. प्रयागराज और वाराणसी को मिला कर एक डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाने पर फैसला हो सकता है. ये दोनों जगह देश के प्रमुख धार्मिक स्थल बन गए हैं. डिफेंस और एयरो स्पेस में निवेश बढ़ाने के लिए कुछ फैसले हो सकते हैं. नौजवानों को स्मार्टफोन और टैबलेट देने पर भी प्रस्ताव आ सकता है. नीति आयोग की सिफारिशों के आधार पर योगी सरकार की वाराणसी और प्रयागराज को जोड़ने वाला एक नया धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाने की योजना है. इस पहल में प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, मिर्जापुर और भदोही शामिल होंगे. इन सभी को मिलाकर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण गठित किया जाएगा. इस योजना से सीधे तौर पर 2. 38 करोड़ से अधिक लोगों का जीवन प्रभावित होगा. इसके अलावा प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट और विंध्यधाम को मिलाकर धार्मिक गलियारे का निर्माण करने की भी योजना तैयार की गई है. प्रयागराज और वाराणसी में नॉलेज पार्क और औद्योगिक केंद्रों के साथ–साथ अयोध्या और रामस्नेही घाट के बीच एक औद्योगिक गलियारा स्थापित करने की योजना तैयार है. कैबिनेट बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है.इसके अलावा, सिविल लाइंस हनुमान मंदिर से मेयोहाल चौराहा, नैनी में जेल से औद्योगिक क्षेत्र समेत चार स्थानों पर एलिवेटेड पुल का भी प्रस्ताव तैयार है. इनका सर्वे करके शुरुआती ले–आउट भी तैयार है. वृंदावन के बांके बिहारी जैसे अनेक मंदिर ऐसे हैं, जहां कोर्ट के आदेश पर रिसीवर नियुक्त हैं. ऐसे स्थलों पर सुगम दर्शन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कमेटी के गठन के प्रस्ताव पर भी कैि. बनेट में विचार किया जा सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं कह चुके हैं कि यह रिसीवर श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान एकदम नहीं रखते हैं और किसी तरह का हादसा होने पर प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया जाता है. इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों पर भी मुहर लगने की उम्मीद है. इन पहलों के साथ प्रदेश का लक्ष्य अपने धार्मिक पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करना है. साथ ही पूरे राज्य में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है.

## यूपी में फिर करवट लेगा मौसम,आईएमडी का अलर्ट


उत्तर प्रदेश के लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली है, न्यूनतम तापमान में भी इजाफा हुआ है. राज्य के कुछ शहरों का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है. आईएमडी की तरफ से मौसम को लेकर एक बार फिर से अलर्ट जारी किया गया है. पश्चिम यूपी के कई जिलों में आज हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं तराई के सात जिलों में अत्यधिक कोहरे के ऑरेंज अलर्ट के साथ ही प्रदेश के 40 जिलों में घना को. हरा छाने की चेतावनी है. मौसम विभाग के अलर्ट के बाद साफ हो गया है कि अभी लोगों को ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है, बारिश के साथ और भी कड़ाके की ठंड पड़ सकती है.आईएमडी की तरफ से जारी बुलेटिन के मुताबिक, पश्चिम यूपी के अलग–अलग स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है, इसके साथ ही मौसम शुष्क रहने की संभावना है. इसके अलावा मौसम विभाग ने यह भी बताया कि, पश्चिम उत्तर प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर घना कोहरा तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर घना कोहरा तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर घना कोहरा होने की संभावना है. मौसम विभाग ने यह भी बताया कि, पश्चिम उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना जाहिर की है.आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम आईएमडी ने बताया कि, अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है और उसके धीरे–धीरे 2–3 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है. वहीं यूपी के प्रमुख शहरों में शामिल प्रयागराज 16.1, बहराइच 12.4, बरेलील 16, फुर्सतगंज 23.8, गोरखपुर 11, झांसी 14.8, लखनऊ एयरपोर्ट 13.5 और मेरठ 11.8 डिग्री सेल्सियस आज का तापमान रहेगा. तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण लोगों को ठंड से राहत मिली है. प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को ठंड से राहत मिली है.

## महाकुंभ में यूपी कैबिनेट की बैठक, सामने आई ये तस्वीरें, इस अंदाज में दिखे सीएम योगी




उत्तर प्रदेश सरकार बुधवार को प्रयागराज के मेला क्षेत्र में अहम बैठक की. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित विशेष कैबिनेट बैठक में राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और योजनाओं को मंजूरी दिए जाने की संभावना है.इस बैठक में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल के सभी 54 मंत्रियों आए थे. कैबिनेट की बैठक बुधवार दोपहर से अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में शुरू हुई . संगम पर आने वाले तीर्थयात्रियों को होने वाली असुविधा से बचने के लिए स्थान परिवर्तित किया गया.कैबिनेट की बैठक के बाद संगम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्रिमंडल के सदस्य पूजा–अर्चना करेंगे और संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे.यह दूसरी बार होगा जब सीएम योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल के साथ संगम जाएंगे.सीएम योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंद गोपाल नंदी, अनिल राजभर और स्वतंत्र प्रभार और राज्य मंत्रियों सहित सभी 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में भाग लेने के बाद संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे. डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा– महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में सहभागिता की. कुंभ–2019 के बाद दूसरी बार ऐतिहा. सिक कैबिनेट बैठक संगम मेला क्षेत्र महाकुंभ–2025 में सम्पन्न हुई.वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लिखा– आज तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ–2025 मेला परिसर में उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्या , मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार दारा सिंह चौहान , राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार कुंवर बृजेश सिंह , राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार रामकेश निषाद , राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार संजय सिंह गंगवार से शिष्टाचार भेंट की.कैबिनेट में इन फैसलों पर मुहर संभव है. नई इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का एलान हो सकता है. प्रयागराज–वाराणसी धार्मिक–शैक्षणिक जोन, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से प्रयागराज तक लिंक एक्सप्रेस वे, 7 जिलों को मिलाकर नया धार्मिक जोन, नई आवासीय परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और डिफेंस और एयरोस्पेस नीति पर नए एलान हो सकते हैं. मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि की अध्यक्षता में आज तीर्थनगरी प्रयागराज के त्रिवेणी संकुल में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई. कुम्भ–2019 के बाद दूसरी बार संगमनगरी में उत्तर प्रदेश कैबिनेट की ऐतिहासिक बैठक हुई है. बैठक में प्रदेश की प्रगति एवं जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं.

## डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले पर अखिलेश यादव ने जताई चिंता, पूछा– यह सरकार क्या करेगी?



राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक फैसले पर चिंता जताई है. 20 जनवरी को शपथ लेने वाले ट्रंप ने एक आदेश में कहा है कि अब अमेरिका में जन्मजात नागरिकता नहीं मिलेगा. अमेरिकी सरकार के इसी फैसले को लेकर अखिलेश यादव ने मोदी सरकार से भी सवाल किए. उन्होंने कहा कि ष्अभी अमेरिका ने जो फैसला लिया है कि जन्म से आपको नागरि. कता नहीं मिलेगी, तो सोचिए कितने भारतीयों को वापस आना पड़ेगा, तो उसमें यह सरकार क्या करेगी?ष कन्नौज सांसद ने कहा कि अगर यह फैसला हो गया कि अमेरिका में रहने वाले भारतीय वापस आएंगे तो यह सरकार क्या करेगी? उसमें सरकार क्या कर रही है? यह बड़ा सवाल है जो आने वाले समय में बहस का मुद्दा बनेगा.इन सवालों की नहीं हो रही चर्चा– अखिलेशउन्होंने कहा कि इस देश का मुद्दा बेरोजगारी, किसान की आय, फौज में भर्ती (अग्निवीर) के सवालों की चर्चा नहीं हो रही है. उन्होंने कहा कि यूपी में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है. अखिलेश ने कहा कि राज्य सरकार के विभागों में लूट हो रहा है. गंगा एक्सप्रेस वे का तो नहीं कहेंगे लेकिन ये लोग कह रहे थे कि कुंभ तक काम पूरा हो जाएगा. पूर्वांचल एक्सप्रेस वे में जो गोरखपुर में लिंक जोड़ा है, वो आज तक नहीं बन पाया है. इससे बड़ा गोरखधंधा कुछ नहीं है.इसके अलावा अखिलेश ने कहा कि श्कुंभ और प्रयागराज वह स्थान नहीं है जहां पर राजनीतिक कार्यक्रम और फैसले लिए जाए। कुंभ के स्थान पर कैबिनेट करना यह पॉलिटिकल संदेश देना चाहते हैं वह लोग.श उन्होंने कहा कि श्मिल्कीपुर हम सब लोग मिलकर जीतकर दिखाएंगे. भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पुलिस आगे कर दी है, निष्पक्ष चुनाव होगा तो ऐतिहासिक जीत समाजवादी पार्टी की होने जा रही है.

# जिला मजिस्ट्रेट ने किया ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

## प्रशासनिक अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित



अलीगढ़  नवागत जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध तैनात पुलिस का. र्मिकों, सीसीटीवी कैमरों को लेकर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने लॉग बुक का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, ईवीएम प्रभारी अनिल कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार शर्मा, समाजवादी पार्टी से मो0 शकीर अंसारी, कांग्रेस से नदीम गफूर, सीपीएम से मो0 इदरीश समेत अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त 23 जनवरी को करेंगी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की मण्डलीय समीक्षा

अलीगढ़  मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में 23 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से कमिश्नरी सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आहुत की जाएगी।संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आयुष्मान भारतरू जन आरोग्य योजना एवं इसमें सम्बद्ध चिकित्सालयों व बैड की संख्या और सम्बद्धीकरण के लिए अवशेष चिकित्सालयों की संख्या, पंजीकृत चिकित्सालयों की सूची एवं बैड की संख्या समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार–विमश किया जाएगा।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक 27 जनवरी को

अलीगढ़ 22 जनवरी 2025 (सू0वि0)रू जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित समय–सीमा के उपरांत लम्बित प्रकरणों, ग्रेवियंश, फीडबैक आदि की पूर्ण सूचनाओं एवं विगत बैठक की अनुपालन आख्या सहित निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक 30 जनवरी को

अलीगढ़: मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक 30 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कमिश्नरी सभागार में आयोजित की जायेगी। संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, औद्योगिक संगठनों से प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरांत लम्बित प्रकरणों पर विचार, विभागीय ऋण योजनाओं समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### वार्षिक ओवरहॉलिंग के कारण बन्द रहेगा रेलवे फाटक

अलीगढ़  वरिष्ठ खण्ड अभियंता रेल पथ उत्तर–मध्य रेलवे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अलीगढ़–महराबल स्टेशन के मध्य कि0मी0 1327¢14–16 पर रेलवे समपार संख्या 110 शुक्रवार 24 जनवरी प्रातः 7:00 बजे से मंगलवार 28 जनवरी की सांय 7:00 बजे तक वार्षिक ओवरहॉलिंग (मरम्मत) कार्य के कारण बन्द रहेगा। इस अवधि में यातायात आरओबी 111 जेल पुल से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कार्य पूरा न होने की स्थिति में फाटक बन्द होने की अवधि आगे बढ़ाई जा सकती है।

## जिले में 24 से 26 जनवरी तक हर्षोल्लास . से मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस

**24 जनवरी को कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम**

अलीगढ़  मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश मनाए जाने के लिए विभिन्न आयोजनों एवं गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नामित कर दिए हैं।सीडीओ ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में किया जाएगा जिसमें एमएसएमई, कृषि, चिकित्सा, खेलकूद, ओडीओपी, एमवाईएसवाई, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, पंचायत विभाग एवं अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर मिशन शक्ति, ओडीओपी, बैंक, स्वास्थ्य, पशुपालन, उद्यान, कृषि, एनआरएलएम, कुंभ, संविधान, पर्यटन, अटल विहारी वाजपेयी शताब्दी वर्ष समेत अन्य विभागीय प्रदर्शनी एवं महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विद्यालयों के छात्रों द्वारा मार्चपास्ट रैली व अन्य गतिविधियों के साथ ही महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्टेडियम में मतदाता शपथ व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर सभी शासकीय भवनों पर ध्वजारोहण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी नगरीय निकायों एवं पंचायती राज विभाग को 23 से 26 जनवरी तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विशेष साफ–सफाई अभियान चलाने एवं सभी एसडीएम व तहसीलदार को 24 से 26 जनवरी की अवधि में स्थानीय स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह उपरोक्तानुसार दिवसवार गतिविधियां क्रियान्वित कर संस्कृति विभाग के पोर्टल बनसजनतंसमअमदजे.पद पर फोटो एवं वीडियो अपलोड करना सुनिश्चित करें।

## विधान से समाधान कार्यक्रम की सफलता के लिए समन्वय बैठक 24 जनवरी को

अलीगढ़  विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड इगलास के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कजरौठ में 28 दिसंबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे से महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा।अपर जिला जज एवं पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक 24 जनवरी को अपरान्ह 2:30 बजे से विश्राम कक्ष में आहुत की गई है।

## ब्लॉक अकराबाद में आंगनबाड़ी केंद्रों पर 23,24 एवं 215 जनवरी को वितरित होगा ड्राई राशन

अलीगढ़  बाल विकास परियोजना अधिकारी अकराबाद विष्णु कुमार ने अवगत कराया है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर माह अक्टूबर 2024 का ड्राई राशन की आपूर्ति नैफेड द्वारा प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त कराये गये आपूर्तित राशन को लाभार्थियों में 23, 24 एवं 25 जनवरी को वितरित कराया जाना है। सीडीपीओ ने सभी ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया है कि वितरण तिथि की सूचना लाभार्थियों में पूर्व से ही प्रसारित करा दे, जिससे लाभार्थी निर्धारित तिथि पर ऑगनबाड़ी केन्द्र पर उपस्थित होकर ड्राई राशन प्राप्त कर सकें। साथ ही राशन वितरण को पोषण ट्रैकर पर फीड़ करें और लाभार्थियों का ई0के0वाई0सी0, मोबाईल वेरीफिकेशन करना सुनिश्चित करें। जिन लाभार्थियों ने अभी तक आधार कार्ड की प्रति प्राप्त नही करायी है। उनके आधार कार्ड की प्रति भी लेना सुनिश्चित करें। राशन वितरण निगरानी समिति के समक्ष करें और फोटो ग्राफ सुरक्षित रखते हुए विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप पर भेजना सुनिश्चित करें।

## 24 जनवरी से चलाया जाएगा हरदुआगंज राजवाह



अलीगढ़  अधिशासी अभियंता खण्ड गंगा नहर ने अवगत कराया है कि हरदुआगंज रा. जवाह में विगत 20 दिन से मरम्मत का कार्य चलने से उसे बन्द कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि किसान भाईयों की मांग के चलते अवशेष कार्य को रोकते हुए रा. जवाह में 24 जनवरी से आगामी 02 सप्ताह तक पानी चलाया जाएगा।

## अलीगढ़ में कमिश्नर बनकर आयीं श्री संगीता सिंह उनके कार्यालय पर जाकर जिला अध्यक्ष प्रदीप गंगा जी के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात कर स्वागत और अभिनन्दन किया.

अलीगढ़ : उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ प्र अलीगढ़ द्वारा अलीगढ़ में कमिश्नर बनकर आयीं श्री संगीता सिंह (आईएएस) का ताला तालीम और तहजीब की धरती अलीगढ़ में उनके कार्यालय पर जाकर  जिला अध्यक्ष प्रदीप गंगा जी के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात कर स्वागत और अभिनन्दन किया.इसी दौरान मैडम कमिश्नर द्वारा ष्उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेशष  से अलीगढ़ के व्यापक हित में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई तो व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मैडम कमिश्नर को अपने व्यापार मंडल की ओर से पूरा सहयोग देने का वादा भी किया।प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वजिला अध्यक्ष प्रदीप गंगा ने हमारा व्यापार मंडल शासन प्रशासन से तालमेल बनाकर व्यापारी हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करता है व्यापारियों कै हित में जो अधिक. ारीगण सहयोगात्मक रवैया अपनाया करते हैं उनका व्यापार मंडल सदैव से सम्मान करता आया है ओर करता रहेगा।अलीगढ़ मंडल के उधमीः व्यापारी आपसे व्यापारी हितों में पूर्ण रूप से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह,प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल, जिला महामंत्री एम ए खान गांधी, संजीव अग्रवाल, राकेश लीडर,शिव कुमार पाठक, प्रमोद कुमार सिंह, राहुल मित्तल, दीपक अग्रवाल , यशकुमार वावा, अजय शर्मा, सतीश वार्ष्णेय,मो. हसिन अंसारी, कुशाल सिंह सचिन सागर आदि थें।

## समाज कल्याण संस्थान ट्रस्ट की बैठक में राकेश शर्मा चुने गए महामंत्री

समाज कल्याण सेवा संस्थान ट्रस्ट (रजि०) कार्य क्षेत्र – संपूर्ण भारत अलीगढ़ की आम बैठक मानसरोवर स्थित ई41 कार्यालय पर संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन हरिशंकर पोरवाल ने किया ।बैठक का शुभारंभ कीवंदना के साथ किया गया। बैठक में गत बैठक की कार्रवाई को पढ़कर सुनाया गया इसका उपस्थित सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। तथा मासिक एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया तथा जितने संरक्षक एवं पदाधिकारी का वर्ष 2024 25 का वार्षिक शुल्क जमा नहीं हुआ है उनसे जमा करने का अनुरोध किया गया। ट्रस्ट के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए नए सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया जिसमें एनएसएस वालंटियर को निरूशुल्क सदस्य बनाया जाएगा।गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम कृष्णापुरी गली नंबर 3 स्थित 101शिव सदन के केंद्रीयकार्यालय पर प्रातः 11रू00 बजे किया जाएगा।अलीगढ़ की ऐतिहासिक प्रदर्शनी की कृष्णा अंजलि नाटक शाला पर बच्चों का भव्य कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी पदाधिकारी को सौंप गई।महामंत्री शेखर सक्सेना ने अपनी  पारिवारिक परिस्थितियों बस महामंत्री पद से त्यागपत्र दिया जिस पर गहन विचारों उपरांत सर्वसम्मति से राकेश कुमारशर्मा को महामंत्री पद के लिए चुना गया। एडवोकेट असीम कुमार शर्मा की माता श्री वेदवती के स्वर्गवास होने पर 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति एवं मोक्ष के लिए प्रार्थना की गई तथा शोक संतृप्त परिवार को धैर्य ,शक्ति एवं साहस प्रदान करने की कामना की गई।  अंत में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद सहित बैठक समापन की घोषणा की गई ।

## दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन


अलीगढ़  नगर पंचायत मडराक के अंतर्गत आर्य नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में जिला युवा अधिकारी सुश्री तन्वी अग्रवाल के कुशल निर्देशन में नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक नागेंद्र पाल सिंह द्वारा युवा खिलाड़ियों से हाथ मिला कर किया गया इस मौके पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र की युवाओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में बालिका वर्ग कबड्डी में प्रथम स्थान टीआर कॉलेज एवं द्वितीय स्थान पढ़ियावली की टीम ने प्राप्त किया। बालक वर्ग कुश्ती में रहमदिल ने प्रथम, नसीम ने द्वितीय, दीपक ने तृतीय एवं अर्जुन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग साइकिल दौड़ में नैना ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय, सुनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में दौड़ 400 मीटर में शोएब ने प्रथम, अंशु ने द्वितीय एवं विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉलीवाल में नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के समापन के मौके पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत मडराक अध्यक्ष राजू दिवाकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सज्जन पाल सिंह, अश्वनी ठाकुर, सलाहकार समिति सदस्य नेहरू युवा केंद्र उपवेन्द्र राजपूत ग्रामीण पत्रकार समिति महानगर अध्यक्ष गिर्राज पाठक भाजपा नेता एसपी सिंह राणा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष फूल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम का कुशल संच. ालन प्रिंस प्रताप द्वारा किया गया कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर श्री निजामुद्दीन खान , संगीता राजपूत, पुलकित पाठक, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए  प्रदर्शनी कार्यकारिणी के साथ बैठक संपन्न

अलीगढ़  जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट में अलीगढ़ महोत्सव की रूपरेखा निर्धारित किए जाने के संबन्ध में प्रदर्शनी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक आहूत की गई।जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष अलीगढ़ प्रदर्शनी का आयोजन 01 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक पूर्ण भव्यता एवं परम्परागत कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनमानस के शिक्षाप्रद एवं स्वस्थ मनोरंजन के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया गया है। खेल महोत्सव के तहत खेलों का आयोजन महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम समेत नुमा. इश परिसर में भी किया जाएगा। विगत वर्षों की भांति ही शिविर, शिल्प ग्राम एवं कृषि कक्ष के मध्य स्थापित होंगे। उन्होंने प्रदर्शनी में लगने वाले खान–पान की दुकानों, स्टॉलों एवं होटलों से निकलने वाले अवशेष का समुचित निपटान करने के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी अवधि में नुमाइश परिसर एवं आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि नुमाइश के विभिन्न मंचों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में साउण्ड क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि दर्शकगण कार्यक्रमों का आनन्द ले सकें। उन्होंने नुमाइश में कवि सम्मेलन, नौटंकी, कव्बाली समेत अन्य परम्परागत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि सभी आयुवर्ग के लोगों का मनोरंजन हो सके।उन्होंने नुमाइश को और अधिक भव्यता प्रदान करने एवं दुकानदारों को और अधिक अवसर प्रदान करने के लिए परिसर में अस्थाई दुकानों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नुमा. इश में आयोजित होने वाले वीआईपी, वीवीआईपी एवं स्पेशल नाइट्स कार्यक्रमों के दौरान आने वाले दर्शकों के प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था के समुचित इंतजाम करने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रदर्शनी के उचित रख रखाव, जनमानस के लिए पर्याप्त एवं उचित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं प्रदर्शनी के सौंदर्यीकरण व सुरक्षा के दृष्टिकोण से मरम्मत एवं रंगाई पुताई के कार्य कराए जाने का भी निर्णय लिया गया। सड़कों, दुकानों आदि की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के सबन्ध में अधिशाषी अभियंता लोनिवि को ससमय सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। विगत वर्षों की भांति ही राजकीय औधो. गिक एवं कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ महा. `त्सवश्श में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण कराए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि नुमाइश में आवंटित दुकानों की सबलेटिंग पर पूर्णरूप से अंकुश लगाने के सबंध में आवंटियों को दुकान स्थापना के सबन्ध में नोटिस निर्गत किए जाएं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस विभाग की रहेगी। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी नगर एवं प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी अमित कुमार भट्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, नगर आयुक्त विनोद कुमार, एडीएम वित्त मीनू राणा, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि संजीव पुष्कर, डीएसओ अभिनव सिंह अन्य अधिकारीगण समेत नुमाइश कार्यकारिणी सदस्य डा0 मुदस्सिर अली,, डा० राकेश सक्सैना, विष्णु कुमार बन्टी, पंकज धीरज, मुबीन खान, अहमद सईद सिद्दीकी, गयाप्रसाद गिर्राज, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रील बनाने के शौक ने महिला को पहुंचाया थाने, इंस्टा पर जातिसूचक शब्द और अभद्र टिप्पणी की

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक महिला को सोशल मीडिया पर रील बनाना महंगा पड़ गया।महिला द्वारा इंस्टाग्राम पर रील बनाकर अभद्र भाषा और जाति सूचक शब्द बोलने के आरोप में पुलिस ने महिला गिरफ्तार किया है। महिला इंस्टाग्राम पर अपने बच्चों के साथ एक वीडियो अपलोड कर जाति सूचक शब्द का खुलेआम इस्तेमाल करती दिखी थी। वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी।हसायन कोतवाली क्षेत्र की नगला मियां पट्टी देवरी की रहने वाली एक विवाहित महिला ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप पर दलित समाज के खिलाफ आपत्तिजनक रील बनाकर पोस्ट कर दी। महिला ने अपनी रील में दलित समाज के प्रति अभद्र और अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया था। इसमें यह महिला दलित समाज को



जाति सूचक गालियां दे रही थी।महिला की इस विवादित रील के वायरल होने के बाद दलित समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से भी की थी। इसके बाद पुलिस एक्शन में आ गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने महिला कानूनी कार्यवाही करते हुए उसका शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस कार्यवाही होने पर महिला ने अपने सोशल मीडिया प्लेट पर एक वीडियो अपलोड कर इस बात की माफी भी मांगी है और आगे से ऐसी कोई वीडियो बनाकर अपलोड करने से तौबा कर ली है। महिला ने वीडियो में कहा है कि मुझसे गलती हो गई।

# हाथरस के मडराक रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ

हाथरस के मडराक रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए रेलवे लाइन क्रॉस करते समय एक महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतका की पहचान सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव ममा.ता कलां की रहने वाली 55 वर्षीय फूलवती देवी के रूप में हुई है।घटना उस समय हुई जब फूलवती देवी पत्नी चंद्र प्रकाश हा.थरस से दिल्ली जाने वाली एचएडी ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंची थीं। प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए जैसे ही वह रेलवे लाइन पार कर रही थीं, तभी सामने से आ रही मालगाड़ी ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सासनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गांव में छाया मातमफूलवती देवी के परिवार में चार बच्चे हैं, जिनके सिर से मां का साया उठ गया है। घटना के बाद स्टेशन पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और गांव में मातम का माहौल छा गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। यह घटना रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करती है और यात्रियों को रेलवे लाइन पार करते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाती है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक, दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

हाथरस। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर देश के गौरवशाली इतिहास, त्याग, बलिदान की याद दिलाने, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता, सामाजिक समरसता तथा सौ.हार्द की भावना को बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुये समारोह को सुव्यवस्थित एवं सादगी तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये। उन्होनें कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमापूर्ण मनाये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा निम्नलिखित निर्देश सम्प्रेषित किये गये है। उन्होंने कहा कि प्रातः काल 8:30 बजे सरकारी भवनों पर झण्डा अभिवादन हो और इस अवसर पर संविधान में उल्लिखित संकल्प के स्मरण तथा राष्ट्रगायन की व्यवस्था की जाये, शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रध्वज प्रातः 10 बजे फहराया जाये, तत्पश्चात राष्ट्रगान के गायन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये, गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवति बनाने पर जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष विशेष रूप से बल देगें, जिला विद्यालय निरीक्षकध्बेसिक शिक्षा अधिकारीध्जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करायेगें जिसमें ''राष्ट्रगान जन–गण–मन'' का सामुहिक गायन भी सम्मिलित हों। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाये और सशस्त्र चेतना, राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो यथासम्भव विद्यालयों में नाटक, विचार गोष्ठी तथा निबन्ध लेखन की प्रतियोगिताऐं आयोजित करायी जाय, जनपद की पुलिस लाइन में झण्डा रोहण कार्यक्रम में तुरन्त बाद पुलिस परेड की जायेगी। परेड की सलामी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा ली जायेगी। परेड में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सैनानी तथा सैन्य बल कर्मियों की विधवा एवं अभिवावकों को भी ससम्मान आमंत्रित किया जाये। शिक्षण संस्थाओं में खेल कूद, साईकिल रेस व दंगल आदि का आयोजन किया जाये तथा कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। जनपद में सभी कार्यालयाध्यक्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अपने सरकारी भवन पर रगांरग रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें, जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्ष झण्डा के अभिवादन के समय तिरगें झण्डे के गौरवशाली इतिहास तथा उसके महत्व के सम्बन्ध में उपस्थित लागों को बतायेगें एवं उपस्थित व्यक्तियों को यह स्मरण कराने की चेष्टा की जाय कि हमारे अगणित देश भक्तों तथा अमर बलिदानियों ने जीवनभर संघर्ष कर जो स्वाधीनता दिलायी है वह अमूल्य है और उसकी रक्षा का अग्रेत्तर दायित्व हमारी नई पीढ़ी पर है। गणतंत्र की मूल अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रेरणा दी जाये कि देश व समाज का निर्माण प्रेम तथा सदभावना से होता है घृणा से नहीं। मेलजोल से होता है भ.दभाव से नहीं। एक दूसरे के धर्म का आदर करने से होता है अनादर करने से नहीं

# वेस्ट यूपी में 3 नए मेडिकल कॉलेज का ऐलान, बागपत–हाथरस और कासगंज को महाकुंभ में तोहफा

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कैबिनेट बैठक महाकुंभ के अरैल घाट के त्रिवेणी संकुल में करीब एक घंटा चली. इसमें पूर्वांचल को कई बड़े तोहफे दिए गए हैं. साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बागपत हाथरस और कासगंज में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा भी की गई है. बलरामपुर सरक.ारी हॉस्पिटल को उन्नत कर अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की गई है. लखनऊ–उन्नाव समेत स्टेट कैपिटल रीजन ैब् की तरह प्रयागराज चित्रकूट डेवलपमेंट रीजन का प्रस्ताव मंजूर कर दिया है. दिल्ली–एनसीआर की तर्ज पर एससीआर रीजन लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव–कानपुर को जोड़कर बनाया जा रहा है. इसी तर्ज पर पूर्वांचल पर फोकस किया गया है गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार को भी हरी झंडी दिखाई गई है. इसमें प्रयागराज से मिर्जा.पुर वाराणसी भदोही चंदौली और गा.जीपुर के साथ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा.बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को भी जोड़ा जाएगा. इससे यूपी के तीन बड़े एक्सप्रेसवे आपस में जुड़ जाएंगे. वाराणसी से चंदौली और सोनभद्र को इससे जोड़ा जाएगा. प्रयागराज, विंध्य क्षेत्र और काशी को मिलाकर विंध्य एक्सप्रेसवे के रूप में जाना जाएगा. वाराणसी और विंध्य डेवलपमेंट रीजन को लेकर नीति आयोग के साथ चर्चा कर प्रस्ताव पारित करने की बात कही है.चित्रकूट से प्रयागराज को जोड़ने हेतु गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है.रीवा नेशनल हाइवे से भी इसे जोड़ने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है. प्रयागराज में यमुना पर नया पुल प्रयागराज में यमुना रिवर पर सिग्नेचर ब्रिज के पैरलेल एक नया पुल का निर्माण किया जाएगा. इससे 20 साल पुराने पुल की जगह बड़ी आबादी को फायदा मिलेगा. प्रयागराज नगर निगम को बांड के जरिये पैसा जुटाने को भी मंजूरी दी गई है. प्रयागराज से मिर्जापुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी गोरखपुर के कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी. सलोरी–हेतापट्टी झूंसी के बीच फोर लेन ब्रिज की मंजूरी मिली है. इससे महाकुंभ या कुंभ मेला के लिए आने वाले समय में कनेक्टिविटी ज्यादा बेहतर होगी.

# डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन का चयन . साक्षात्कार 20 जनवरी को

हाथरस । मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ के कार्यालय के पत्र 6 दिसंबर के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में उपायुक्त (स्वतः रोजगार) ने अवगत कराया है कि शासी निकाय द्वारा अनुमोदित संशोधित रिसोर्स पर्सन पालिसी के अनुसार जनपद स्तर पर प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास हेतु डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन का चयन किया जाना है जिस हेतु साक्षात्कार 20 जनवरी को प्रस्तावित था, परन्तु अपरिहार्य कारणों से उक्त दिनांक का साक्षात्कार स्थगित किया गया था। दिनांक 30 जनवरी को विकास भवन के सभागार में 11 बजे से साक्षात्कार कराया जायेगा।

# युवक की मौत के मामले में कार्रवाई न होने पर घेरा थाना

हाथरस। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के इगलास रोड स्थित नगला सड़क के निकट स्थित गैस गोदाम के कर्मचारी की संदिग्ध हालात मौत के मामले में मृतक के परिजन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मिले। परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया और थाने का घेराव कर लिया। मृतक की मां थाने के सामने बेहोश हो गई। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के इगलास रोड पर नगला सड़क के निकट स्थित गैस गोदाम पर 18 जनवरी को कर्मचारी का शव मिला था। मृतक की पहचान विनीत कुमार (22) निवासी लोहिया नगर मथुरा रोड के रूप में हुई थी। मृतक के साथी उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था।मृतक के परिजनों ने गैस एजेंसी मालिक व दो कर्मचारियों पर उसे कार्यक्रम में बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई शीलू का कहना है कि उसने इस संबंध में कोतवाली हा.थरस गेट में तहरीर दी है। इसके बा.वजूद पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज नहीं किया है। मृतक के परिजन गांव के कुछ लोगों के साथ मंगलवार को थाना हा.थरस गेट पहुंचे और पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाने लगे। इससे थाने में हंगामा खड़ा हो गया। अचानक मृतक की मां थाने के सामने बेहोश हो गई।



# हाथरस जिले में सादाबाद पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

हाथरस जिले में सादाबाद पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। सहपऊ कोतवाली पुलिस ने आरोपियों से 5 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। जिसकी बाजार में कीमत लगभग 50 हजार रुपए आंकी गई है।सर्किल ऑफिसर हिमांशु माथुर ने बताया कि घटना देर शाम की है,जब सहपऊ कोतवाली पुलिस सादाबाद–जलेसर मार्ग पर एक नाले के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को पकड़कर तलाशी ली। जिसमें उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।मुख्य आरोपी के तलाश में पुलिस जुटीपूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपनी पहचान अंकित और पंकज के रूप में बताई, जो गांव सुसायत कला, थाना सासनी के रहने वाले हैं। आरोपियों ने खुलासा किया कि उनके गांव का ही लाला उर्फ अवधेश इस धंधे का मुख्य सरगना है। जो उन्हें गांजा की सप्लाई करता है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और मुख्य आरोपी लाला की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# कुंभ में गई 20 बसें, पांच मार्गों पर गहराया संकट

महाकुंभ के लिए हाथरस डिपो को कुल 64 बसों की रवानगी का फरमान परिवहन निगम मुख्यालय से मिला है। इसकी शुरुआत मंगलवार को 20 बसों की रवानगी के साथ कर दी गई। कुंभ के लिए सवारियों की कमी होने की वजह से हाथरस से आगरा होते हुए इन बसों को चरणबद्ध तरीके से रवाना किया गया।हाथरस के प्रत्येक बस को कुछ सवारियों को लेकर करीबआधा–आधा घंटे के अंतराल पर रवाना किया गया। रात तक 20 बसें प्रयागराज रवाना कर दी गईं। बसों की प्रयागराज रवानगी का यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहेगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हाथरस डिपो इरफान अहमद ने बताया कि सवारियों की कमी के कारण बसों को रवाना करने में दिक्कत हुई है, लेकिन जो भी सवारियां मिल रही हैं, उनके साथ बसों को रवाना किया जा रहा है।इधर, इन बसों की रवानगी से दिल्ली, आगरा–अलीगढ़, मथुरा–बरेली राजमार्गों पर संकट गहरा गया है। मंगलवार को इन मार्गों पर यात्री बसों के इंतजार में घंटों परेशान रहे। जो बसें दूसरे शहरों से आ रही थीं, वह भी खचाखच भरी हुई थीं। ऐसे में इनमें सवार होने में यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वैसे भी इन–दिनों सहालग के चलते यात्रियों की अच्छी–खासी भीड़ उमड़ रही है। अभी तो कुंभ मेला करीब एक महीने चलेगा। ऐसे में यात्रियों को अगले एक माह तक इस समस्या से दो–चार होना पड़ सकता है।

# प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में हाथरस में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज की घोषणा

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में हाथरस में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई है। चार वर्ष पूर्व सरकार ने हाथरस में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की थी। इसके लिए सासनी क्षेत्र में स्थित पराग डेयरी की भूमि प्रस्तावित की गई थी लेकिन कुछ दिक्कतों के चलते भूमि का चयन नहीं हो पाया था।इस देरी से क्षेत्र के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूसरे जिलों पर निर्भर रहना पड़ रहा था। सदर विधायक अंजुला माहौर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह इस मुद्दे को लेकर कई बार मुख्यमंत्री से मिल चुकी थीं और लगातार मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग कर रही थीं।विधायक के अनुसार, इस निर्णय से हाथरस के लोगों का लंबे समय से चला आ रहा सपना पूरा होगा और क्षेत्र को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। पीपीपी मॉडल पर बनने वाला यह मेडिकल कॉलेज न केवल स्थानीय युवाओं को मेडिकल शिक्षा का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण सेहत सेवाएं उपलब्ध करवाएगा।हालांकि लोगों का यह भी कहना है कि अब देखना यह होगा कि कैबिनेट की है घोषणा कितनी जल्दी धरातल पर अमल में आएगी और यहां कितनी जल्दी मेडिकल कॉलेज बनेगा।

# कासगंज : मौसम बेईमान. माघ में फाल्गुन का अहसास



कासगंज। इस साल माघ महीने में मौसम ने अनोखा अंदाज दिखा रहा है। जहां आमतौर पर इस समय ठंड का मौसम होता है। वहीं, इस बार फाल्गुन जैसा गर्म मौसम हो गया है। जनवरी के औसत तापमान से तीन से चार डिग्री तक तापमान अधिक रहने लगा है।जिले में जनवरी माह में न्यूनतम औसत तापमान 10 डिग्री तक रहता है। जबकि अधिकतम औसत तापमान 21 डिग्री तक रहता है। तीन दिन पहले तक मौसम ऐसा ही चल रहा था, लेकिन रविवार दोपहर के बाद से मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। जिले में फरवरी माह में औसत अधिकतम तापमान 25 डिग्री तथा न्यूनतम औसत तापमान 13 डिग्री तक रहता है। जनवरी माह के समापन में अभी एक सप्ताह से अधिक का समय है, लेकिन अभी से मौसम फरवरी माह जैसा होने लगा है। मंगलवार को सुबह के समय न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर 12 बजे तक हवा चलने से अधिकतम तापमान 20 डिग्री तक रहा। इससे लोगों ने धूप में बैठकर धूप का आनंद लिया, लेकिन दोपहर दो बजे के बाद धूप में काफी तेजी आ गई। तापमान 24 डिग्री तक पहुंच गया। इससे लोगों को धूप असहनीय लगने लगी। लोगों को गरम कपड़े उतारने पड़े।

## एटा जिले में 3 माह की गर्भवती महिला के साथ दबंगों द्वारा की गई मारपीट

एटा जिले में 3 माह की गर्भवती महिला के साथ दबंगों द्वारा की गई मारपीट का मामला सामने आया है। रिजोर थाना क्षेत्र के छोटी निधौली गांव में हुई इस घटना में पीड़िता रुकसाना को गांव के ही कुछ लोगों ने बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई।पीड़िता के पति ने बताया कि गांव के भीमा और उनके परिवार के लोगों ने उनकी पत्नी को सड़क पर गिराकर मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित दंपति रिजोर कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण करवाया। फिलहाल घायल महिला का वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।पीड़िता रुकसाना ने बताया कि आरोपी भल्लो और उनके परिवार के लोग उनसे जलते हैं। उन्होंने कहा कि किसी अन्य विवाद के चलते उन्हें बिना किसी गलती के मारा गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाने में शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।यहां तक कि पीड़िता की सास के शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। डायल 112 की मदद एंबुलेंस की मदद से पीड़िता को अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी दबंग होने के कारण पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## एटा जिले में एक हृदय विदारक घटना सामने आई

एटा जिले में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां आर्थिक तंगी से परेशान 35 वर्षीय विधवा महिला ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। सोमवार रात करीब 1 बजे महिला ने विषाक्त पदार्थ का सेवन किया। हालत बिगड़ने पर उसकी बेटी उसे वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।करीब डेढ़ साल पहले बीमारी के कारण पति की मृत्यु के बाद से महिला आर्थिक संकट से जूझ रही थी। परिवार की गुजर–बसर महज दो बीघा जमीन से हो रही थी। घर में कोई कमाने वाला नहीं था। महिला के छह बच्चे – छाया (17), मो. हिनी (15), सुधा (13), संतोषी (11), कन्हैया (9) और विक्रम (7) अब अनाथ हो गए हैं। 70 वर्षीय बूढ़ी सास भी परिवार में हैं।घटना की जानकारी मिलते ही एटा के एसडीएम जगमोहन गुप्ता और तहसीलदार संदीप कुमार रात 10 बजे परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिवार को कंबल और राशन उपलब्ध कराया। एसडीएम ने बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। परिजनों ने महिला के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया और गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।प्रधान प्रधान प्रतिनिधि विनय राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि महीला बहुत गरीब थी। पति की अठारह माह पूर्व गम्भीर बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिम्मेदारी का बोझ था । बेटियां भी शादी के लिए थी एक बूढ़ी सास है। एक कमरे में परिवार गुजर कर रहा था। जमीन जायदाद नहीं हैं।मामले पर उपजिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला की मौत जांच का विषय है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को चार हजार रुपए प्रतिमाह की मदद की जायेगी जिला प्रा. `वेशन अधिकारी को बोला गया है। परिवार की हर संभव मदद की जायेगी।

## कासगंज के थाना ढोलना क्षेत्र के गांव नगला जोर में उधारी के . रूपयों को लेकर दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष का मामला

कासगंज के थाना ढोलना क्षेत्र के गांव नगला जोर में उधारी के रुपयों को लेकर दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी विपिन ने संजय (भूलन सिंह के पुत्र) को कुछ रुपए उधार दिए थे। जब विपिन ने अपने पैसे वापस मांगे तो संजय ने देने से इनकार कर दिया। इस पर विपिन ने गुस्से में आकर संजय का मोबाइल फोन छीन लिया। यही विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों परिवारों के सदस्य आमने–सामने आ गए।मामला इतना बिगड़ गया कि दोनों पक्षों की महिलाएं और पुरुष एक–दूसरे पर टूट पड़े। लात–घूंसों से की गई इस मारपीट का किसी ग्रामीण ने मोबाइल से वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वीडियो में दोनों पक्षों के लोग एक–दूसरे पर हमलावर होते दिख रहे हैं।स्थानीय पुलिस को जैसे ही घटना की सूचना मिली, उन्होंने तत्काल मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

## दरिंदों की बजह से महिला नही रह पा रही सुरक्षित , महिला के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास

कासगंज से अमित कुमार की रिपोर्ट जनपद कासगंज थाना सहावर क्षेत्र के एक गांव की महिला सोमवार की शाम को शौच करने के लिए खेतो की तरफ जा रही थी। रास्ते में जाते समय गांव के ही जवर सिंह ने उसे दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा तभी महिला चीखने चिल्लाने लगी, कुछ आस पास के लोगो ने उहाँ लोगो को देख आरोपी महिला को गाली –गलौज और जान से मारने की धमकी देकर उहाँ से फरार हो गया ।पीड़ित महिला ने घर पहुचकर सारी घटना के बारे में बताया कि जबर सिंह ने मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया और मुझे मारने की धमकी दी है। उसके बाद घर बालो ने यह पूरा मामला पुलिस को बताया और रिपोर्ट दर्ज कराई है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पुलिस मामले की जांच कर जानकारी में जुट गई और आरोपी की तलाश जारी है।

## कासगंज जिलाधिकारी के निर्देश...26 जनवरी से सख्ती से लागू करें नो हेलमेट, नो फ्यूल व्यवस्था

कासगंजरू जनपद में 26 जनवरी से पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल की व्यवस्था लागू हो जाएगी। बिना हेलमेट पहनने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सभी पेट्रोल पंपों को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और पर नो हेलमेट, नो फ्यूल के होर्डिंग्स लगाए जाने के लिए निर्देशित किया है।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के अंतर्गत लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नो हेलमेट, नो फ्यूल की व्यवस्था हर पेट्रोल पंप पर लागू हो जाएगी। जनपद में बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिसका आदेश जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सभी पेट्रोल पंप स्वामियों के लिए जारी किया है। हर वर्ष ही सबसे अधिक मौतें हेलमेट न पहनने के कारण होती हैं। हादसे में सिर में चोट लगने से मौत होने की आशंका बढ़ जाती है। हेलमेट पहनने से लोगों की जान बच सकती है और मौतों का आकड़ा कम होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत नो हेलमेट, नो फ्यूल की व्यवस्था को लागू किया गया है।सहायक सड़क परिवहन अधिकारी राम प्रकाश मिश्र ने बताया कि दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना जरूरी है। हेलमेट न पहनने पर वाहन चालक पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। दो पहिया वाहन पर वाहन चालक और सहयात्री दोनों को हेलमेट पहनना जरूरी है। पेट्रोल पंप स्वामियों को जिलाधिकारी द्वारा बिना हेलमेट के पेट्रोल न देने का आदेश जारी किया है। 26 जनवरी से बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलेगा।

## खरपतवार नाशक दवा से 5 बीघा गेहूं की फसल नष्ट

मिरहची। नकली कीटनाशक दवाओं से किसान पहले ही आशंकित थे। एक खेत में खरपतवार नाशक दवा डालने के बाद 5 बीघा गेहूं की फसल ही नष्ट हो गई। इससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।थाना क्षेत्र के गांव फालर निवासी किसान अर्जुन सिंह ने इसकी ऑनलाइन शिकायत अधिकारियों से की है। बताया कि 5 बीघा खेत में गेहूं के फसल की थी। इसके लिए खरपतवार नाशक रसायन मिरहची के एक किसान सेवा केंद्र से खरीदा था। दुकानदार ने 240 ग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से इसे लगाने की बात कही थी। उन्होंने उसी हिसाब से आठ दिन पूर्व रसायन का छिड़काव किया।मंगलवार को जब खेत पर गए तो देखा कि गेहूं की फसल का रंग पीला पड़ गया है और पत्ते जल चुके हैं। फसल खत्म होने के कगार पर है। जबकि खरपतवार पर इसका कोई असर नहीं है।इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि शिकायत आती है तो संबंधित दुकान व खेत का निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी।

## कासगंज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के अंतर्गत की चेकिंग, . पांच स्कूली वाहनों के किए चालान, एक सीज



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को को स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान स्कूली वाहनों के फिटनेस, फर्स्टएड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र व जीपीएस आदि को चेक किया गया। पांच स्कूली वाहनों को चालान किया गया और एक वाहन को सीज किया गया। वहीं यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 45 वाहन चाल. कों के चालान किए गए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश मिश्र ने स्कूली वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन के प्रपत्र जिसमें फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण–पत्र और वाहन चालक के ड्राविंग लाईसेंस को चौक किया गया। स्कूली वाहनों में लगे जीपीएस, फर्स्टएड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र की चौकिंग की गई। कमियों के पाए जाने पर पांच स्कूली वाहनों के चालान कर एक वाहन को सीज किया गया है। सभी स्कूली वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वाहनों के प्रपत्र वैद्य रखें, क्षमता से अधिक छात्रध्छात्राओं को न बैठाएं, वाहन को निर्धारित गति से ही संचालित करें, रॉग साईड ड्राईविंग न करें। सभी स्कूली वाहनों में चालक के साथ एक एटेन्डेंट अनिवार्य रूप से हो तथा कौहरे के समय वाहन को सावधानी रूप से चलाएं। प्रवर्तन कार्यवाही के साथ सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के पम्पलेट का वितरण किया गया। एआरटीओ ने बताया कि इसके अतिरक्त 45 वाहन चालकों के चालान यातयात के नियमों का उल्लंघन करने के कारण किए गए। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ दिलायी गई। इस दौरान यात्रीकर अधिकारी मनोज कुमार माहेश्वरी व अन्य प्रवर्तन कर्मी मौजूद रहे।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार
पत्र जननायक सम्राट
के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल
व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो
संवाददाता की
आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक
आरती वर्मा द्वारा आशु
प्रिटिंगप्रेस,अचलताल
अलीगढ़ से मुद्रितकराकर
. कार्यालय सरोज नगर
गली नम्बर 5,अलीगढ़
से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद
अलीगढ़ न्यायलय ही होगा